प्रपत्र - 11 1.5

# NOTE FOR JUSTIFICATION FOR FOREST LAND

कार्य का नाम :– जिला योजना के अन्तर्गत जी0जी0आई0सी0 भिकियासेन में पहुॅच मार्ग का निर्माण। (लम्बाई 0.600 किमी0) ।

जनपद अल्मोड़ा में जिला योजना के अन्तर्गत जी0जी0आई0सी0 भिकियासेन में पहुॅच मार्ग का निर्माण प्रस्तावित है। मार्ग की कुल स्वीकृत लम्बाई 0.600 किमी0 है। उक्त विद्यालय हेतु कोई भी लिंक मार्ग या सड़क मार्ग नहीं है जिससे यहॉ शिक्षारत छात्रों/ छात्राओं को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, अतः उक्त मार्ग का निर्माण अति आवश्यक है। इस मोटर मार्ग के लिये 2 समरेखन निर्धारित किये गये थे :–

समरेखन–1 यह समरेखन निरीक्षण भवन भिकियासैन के पहुॅच मार्ग से प्रारम्भ होकर जी0जी0आई0सी0 भिकियासैन पर समाप्त होता है जिसकी लम्बाई 0.600 किमी0 है। इस समरेखन का ग्रेड सरल है इस समरेखन में ग्राम भिकियासैन की वन पंचायत भूमि प्रभावित होती हैं। इस समरखेन के निर्माण से लागत भी कम आयेगी। इस समरेखन हेतु भू–गर्भवेत्ता द्वारा भी सहमति दी गई है।

समरेखन–2 यह समरेखन निरीक्षण भवन भिकियासैन के पहुॅच मार्ग से से प्रारम्भ होकर जी0जी0आई0सी0 भिकियासैन पर समाप्त होता है जिसकी लम्बाई 0.750 किमी0 है एंव हेयर पिन बैण्ड भी आ रहे हैं। इस समरेखन में ग्राम भिकियासैन की वन पंचायत सिविल भूमि प्रभावित होती है एवं इस समरखेन के निर्माण से लागत भी अधिक आयेगी। जिस कारण इस समरेखन को निरस्त कर दिया गया है।

उपर्युक्त दोनों समरेखनों के अतिरिक्त अन्य और कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है तथा समरेखन–1 में न्यूनतम वन भूमि प्रभावित होती है तथा वन भूमि के अतिरिक्त निर्माण हेतु कोई और विकल्प भी उपलब्ध नहीं है। अतः क्षेत्र की जनता को लाभान्वित करने हेतु परियोजना को वन भूमि में प्रस्तावित किया गया है।

सहायक अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड,लो0नि0विभाग,<br>रानीखेत ।

अधिशासी अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड,लो0नि0विभाग,<br>रानीखेत ।